aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 10 PREPARATION

Karnataka SSLC Model Question Paper 2027 for NCERT Hindi Third Language (Paper 1) Key Answers

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 10	2027	Answer Key	Hindi

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಳಿ

6 ನೇ ಅಡ್ಡರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560003.

Karnataka School Examination and Assessment Board

6th cross Malleshwaram, Bangalore - 560003.

2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ – 1

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER – 1 : 2026-27

MODEL ANSWERS

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ [NCERT]

SUBJECT : Third Language Hindi [NCERT Syllabus]

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 60 H	**Subject Code :60 H**
ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ	**Time : 3 Hours**
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80	**Max. Marks : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाए :

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 38 प्रश्ना हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठा के ऊपर दिया गया है, जिसमें प्रश्ना पत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल है।

I.	निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये है, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षार सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 x 1 =8	
1.	निम्न में से बहुवचन रूपी शब्द है- A) चींटियाँ B) घोड़ा C) लाठी D) दीवार उत्तर : A) चींटियाँ	1
2.	उम्मीद शब्द का पर्यायवाची शब्द है – A) उल्लास B) भरोसा C) चिंता D) करूणा उत्तर : B) भरोसा	1
3.	भय शब्द का विलोम रूप है - A) निर्भय B) सुभय C) मधुर D) सभ्य उत्तर : A) निर्भय	1
4.	चित्रांकन शब्द में संधि है - A) यण B) गुण C) दीर्घ D) विसर्ग उत्तर : C) दीर्घ	1
5.	निम्न में से प्रत्यययुक्त शब्द है - A) प्रयोग B) अधिकार C) विचार D) दैनिक उत्तर : D) दैनिक	1
6.	सच बताओ तुम कौन हो ? उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है - A) अल्प विराम B) अर्ध विराम C) प्रश्न वाचक D) पूर्ण विराम उत्तर : C) प्रश्न वाचक	1

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
7.	लोकप्रिय शब्द में समास है - A) द्विगु B) द्वंद्व C) तत्पुरूष D) कर्मधारय उत्तर : C) तत्पुरूष	1
8.	मैं ने एक घरवाले _____ बेघर कर दिया। उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है – A) को B) ने C) में D) से उत्तर : A) को	1
II.	सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए : — 4 X 1 = 4 अ — ब 9. 1857 की तोप — a) तीसरी कसम के नायक 10. मनुष्यता — b) बंगाल विद्यार्थि संघ के मंत्रि 11. अविनाश बाबू — c) राजनेता 12. हीरामन — d) श्रीराम e) दानवीर f) मैथिली शरण गुप्त g) कंपनी बाग उत्तर : g) कंपनी बाग f) मैथिली शरण गुप्त b) बंगाल विद्यार्थि संघ के मंत्रि a) तीसरी कसम के नायक	1 1 1 1

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
III.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :— 4 X 1 = 4	
13.	सुभाष बाबू के जुलूस का भार किस पर था ? उत्तर: सुभाष बाबू के जुलूस का भार पूर्णोदास पर था।	1
14.	'तीसरी कसम' फ़िल्म का निर्माण किसने किया ? उत्तर: 'तीसरी कसम' फ़िल्म का निर्माण प्रसिद्ध गीतकार शैलेंद्र ने किया था।	1
15.	'ततांरा-वामीरो कथा' कहाँ की लोककथा है ? उत्तर: 'ततांरा-वामीरो कथा' अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एक पारंपरिक लोककथा है।	1
16.	जापान में चाय पीने की विधि को क्या कहते हैं ? उत्तर: जापान में चाय पीने की विशेष विधि को 'चा-नो-यू' कहते हैं।	1
IV.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए: 8 X 2 = 16	
17.	मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार है ? उत्तर: • मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए उनकी दासी (सेविका) बनने को तैयार हैं। • वे प्रभु के दर्शन के लिए बाग-बगीचे बनना चाहती • वृंदावन की कुंज-गलियों में उनकी लीलाओं का गुणगान करने को भी तैयार हैं।	2
18.	विरासत में मिली चीज़ों की बड़ी संभाल क्यों होती है ? उत्तर: • विरासत में मिली चीज़ें हमें हमारे पूर्वजों, इतिहास और संस्कृति की याद दिलाती हैं। • ये वस्तुएँ हमें अतीत की गलतियों और सफलताओं से सीख व मार्गदर्शन देती हैं, इसलिए इनकी बड़ी संभाल होती है।	2

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
19.	आत्मत्राण कविता के अंत में कवि क्या अनुनय करता है ? उत्तर: • कवि अनुनय करता है कि चाहे जीवन में कितनी भी विपदाएँ या दुख आएँ, • ईश्वर के प्रति उनका विश्वास और आस्था कभी कम न हो। • वे हर संकट का सामना साहस और अपने बलबूते पर करना चाहते हैं।	2
20.	'तीसरी कसम' फ़िल्म को खरीददार क्यों नहीं मिल रहे थे ? उत्तर: • यह फ़िल्म पूरी तरह से साहित्यिक, यथार्थवादी और उच्च संवेदनाओं से भरपूर थी। • इसमें पारंपरिक व्यावसायिक मसाला या घटिया मनोरंजन के तत्व नहीं थे, • जिसके कारण वितरक इसे आर्थिक जोखिम मान रहे थे।	2
21.	वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया ? उत्तर: • वज़ीर अली जब खुद को बनारस से कलकत्ता तलब किए जाने की शिकायत लेकर कंपनी के वकील के पास गया, • तो वकील ने उसकी बात सुनने के बजाय उसे ही खरी-खोटी सुनाई और उसका अपमान किया।	2

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
22.	शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना इन दोनों में क्या अंतर है **?** उत्तर: • शुद्ध सोना 24 कैरेट का होता है, जो पूरी तरह पवित्र और लचीला होता है, जिससे आसानी से गहने नहीं बनते। • वहीं गिन्नी के सोने में थोड़ा ताँबा मिलाया जाता है, जिससे वह अधिक चमकदार और मजबूत बनता है और इसका उपयोग आभूषण बनाने में होता है।	2
23.	हरिहर काका को अपने भाई तथा महंत दोनों एक ही श्रेणी में क्यों लगने लगे **?** उत्तर**:** • दोनों का अंतिम उद्देश्य हरिहर काका की पंद्रह बीघे की कीमती ज़मीन को हड़पना था। • महंत ने धर्म की आड़ में और भाइयों ने पारिवारिक रिश्तों की आड़ में काका के साथ छल, कपट और हिंसक व्यवहार किया। अथवा लेखक और हरिहर काका के बीच के संबंध के बारे में बताइए। उत्तर**:** • लेखक और हरिहर काका के बीच बहुत गहरा, आत्मीय और मित्रवत संबंध था। • काका लेखक को बचपन से ही अपने बच्चे की तरह बहुत प्यार करते थे । • अपने मन की हर छोटी-बड़ी बात खुलकर लेखक से साझा करते थे।	2

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
24.	अगली श्रेणी पहुंचने के बाद लेखक का बालमन क्यों कांप उठता था **?** उत्तर**:** • कक्षा में पहुँचने पर नई और अधिक कठिन पुस्तकों का अगली बोझ • नए अध्यापकों द्वारा कड़े अनुशासन और मार-पिटाई के डर की सोच से लेखक का बालमन काँप उठता था। अथवा इफ़्फ़न की दादी ने अपने बेटे की शादी में गाना बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाई ? उत्तर**:** • इफ़्फ़न की दादी एक मौलवी खानदान से थीं, जहाँ उनके ससुराल के कड़े धार्मिक नियमों के कारण शादी-ब्याह में गाना-बजाना या संगीत वर्जित था, इसलिए वे अपनी इच्छा पूरी नहीं कर सकीं।	2
V. क) 25.	निम्नलिखित के आशय / भाव स्पष्ट कीजिए:— 9 X 3 = 27 खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी। आशय: पाठ : ' डायरी का एक पन्ना ' लेखक : सीताराम सेक्सरिया • यह अंश कलकत्ता वासियों के अभूतपूर्व साहस को दर्शाता है। • पुलिस कमिश्नर का नोटिस था कि अमुक-अमुक धारा के अनुसार कोई सभा नहीं हो सकती, यदि सभा लेंगे तो दोषी समझे जाएँगे । • ब्रिटिश सरकार ने कानून सभाओं पर पाबंदी लगा दी थी, • स्वतंत्रता सेनानियों ने खुली चुनौती देकर मॉन्यूमेंट के नीचे विशाल सभा की और राष्ट्रीय ध्वज फहराया।	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
26.	जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है। आशय: पाठ : अब कहाँ दूसरे के दुख से दूखी होने वाले लेखक : निदा फ़ाज़ली • यह कथन महान और गंभीर व्यक्तित्व की विशेषता को रेखांकित करता है। • जो व्यक्ति मानसिक रूप से सशक्त, सभ्य और समझदार होते हैं, • वे विपरीत परिस्थितियों में भी अपना धैर्य नहीं खोते और शांत रहकर क्रोध पर नियंत्रण रखते हैं।	3
27.	यों जलद यान में विचर-विचर था इंद्र खेलता इंद्रजाल। आशय: पाठ : पर्वत प्रदेश में पावस कवि : सुमित्रानंदन पंत • पावस ऋतु में प्रकृति में बदलाव होने के कारण कभी-कभी घने बादल की गरज और कभी-कभी तेज वर्षा होता है । • बिजलियों की चमक से भयभीत होकर शाल के वृक्षा ज़मीन मे धँस जाने की तरह महसूस होता है। • तेज वर्षा के कारण तालब में धुआ उठ जाती है । • इस मोहक दृश्या से ऐसा प्रतीत होत है कि बादलों के विमान में विराजमान होकर राजा इंद्र विभिन्न प्रकार के जादुई खेल खेल रहा है या इंद्रजाल बिछा रखा है।	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
ख) 28.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए :— मीरा ने हरी से अपनी पीड़ा हरने की विनती कविता में किस प्रकार की है ? विवरण कीजिए। उत्तर: • मीराबाई भगवान श्रीकृष्ण से अपने कष्ट दूर करने की प्रार्थना करते हुए तीन ऐतिहासिक उदाहरण देती हैं। • वे कहती हैं कि जिस तरह आपने द्रौपदी का चीर बढ़ाकर उसकी लाज बचाई, • भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए नृसिंह अवतार लिया • डूबते हुए ऐरावत हाथी की जान बचाई, उसी तरह इस दासी मीरा के दुखों को भी दूर कीजिए।	3
29.	'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है **?** वर्णन कीजिए। उत्तर**:** • जिस तरह एक दुल्हन को लाल जोड़े में सजाया जाता है| • उसी प्रकार भारतीय वीर सैनिकों ने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी है। • उनके पवित्र बलिदान और बहते हुए खून से भारत माता की धरती लाल रंग में रंग गई है| • इसलिए सैनिकों के अनूठे प्रेम के कारण धरती को दुल्हन कहा गया है।	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
30.	ततांरा से देखी गई समुद्र तट का वर्णन कीजिए। उत्तर: • शाम के समय ततांरा जब समुद्र तट पर पहुँचा। • वहाँ का वातावरण अत्यंत मनमोहक था। • समुद्र से ठंडी-ठंडी हवाएँ चल रही थीं। • लहरों की सुरीली आवाज़ गूँज रही थी। • ढलते हुए सूरज की अंतिम किरणें समुद्र के पानी पर अद्भुत, रंग-बिरंगी छटा बिखेर रही थीं।	3
31.	वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए। उत्तर: • वज़ीर अली का पात्र हबीब तनवीर द्वारा लिखीत " कारतूस " नामक एकांकी में आता है। • वज़ीर अली बेहद साहसी और निडर था। • उसने अकेले दम पर अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था • महीनों तक जंगलों में छकाया। • उसने बदतमीजी करने पर कंपनी के वकील को सरेआम मार डाला और हद तो तब हो गई • जब वह अकेले ही ब्रिटिश कर्नल के खेमे में घुस गया और चालाकी से कारतूस लेकर सुरक्षित वापस लौट आया । • वजीर अली अकेला आकर कर्नल से दस कारतूस लेकर गया ।	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
32.	निम्नलिखित कवितांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए : भावार्थ: • कवि मैथिलीशरण गुप्त 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से संदेश देते हैं कि मनुष्य को कभी भी थोड़े से धन-दौलत या संपत्ति के घमंड में अंधा होकर दूसरों को तुच्छ नहीं समझना चाहिए। • इस संसार में कोई भी व्यक्ति अनाथ या बेसहारा नहीं है, क्योंकि हम सभी के सिर पर उस परमपिता दयालु त्रिलोकनाथ (ईश्वर) का वरदहस्त है, जो अपनी विशाल भुजाओं से सबकी रक्षा करते हैं।	3
33.	गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए: — "कबीर का जन्म 1398 को कशी में हुआ। वे गुरु रमानंद के शिष्य थे। इनकी भाषा पूर्वी जनपद की भाषा थी।" उत्तर: **"ಕಬೀರರು 1398 ರಲ್ಲಿ ಕಾಶಿಯಲ್ಲಿ ಜನಿಸಿದರು. ಅವರು ಗುರು ರಾಮಾನಂದರ ಶಿಷ್ಯರಾಗಿದ್ದರು. ಇವರ ಭಾಷೆಯು ಪೂರ್ವ ಜನಪದದ ಭಾಷೆಯಾಗಿತ್ತು."** **English : "Kabir was born in 1398 in Kashi. He was a disciple of Guru Ramanand. His language was the language of the eastern region.**	3

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
VI.	निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच या छः वाक्यों में लिखिए: 2 X 4 = 8	
34.	बड़े भाई साहब के विशेष गुणों पर प्रकाश डालिए। उत्तर: • बड़े भाई साहब अत्यंत अध्ययनशील, गंभीर, कर्तव्यनिष्ठ और जिम्मेदार स्वभाव के थे। • वे हमेशा किताबों के सामने बैठकर पढ़ाई में लीन रहते थे | • अपने छोटे भाई के सामने एक अच्छा और आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर सकें। • वे वाक्-कला में निपुण थे और जीवन के व्यावहारिक अनुभवों को किताबी ज्ञान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण मानते थे। • वे अपने खेल-कूद की इच्छाओं का गला घोंटकर भी छोटे भाई को सही रास्ते पर रखने का प्रयास करते थे। अथव छोटे भाई का व्यक्तित्व बड़े भाई के व्यक्तित्व से बिलकुल अलग था**,** कैसे **?** स्पष्ट कीजिए। उत्तर**:** • छोटे भाई का मन चौबीसों घंटे पढ़ाई करने के बजाय खेल-कूद, पतंगबाज़ी और दोस्तों के साथ मटरगश्ती करने में अधिक लगता था। • वह बहुत चंचल और फुर्तीला था। उसकी बुद्धि प्रखर थी| • जिसके कारण वह परीक्षा के दिनों में थोड़ी सी पढ़ाई करके भी अपनी कक्षा में प्रथम आ जाता था। • इस सफलता के कारण उसके मन में थोड़ा अहंकार और आज़ादी की भावना भी पैदा हो गई थी| • जो बड़े भाई की डांट-फटकार के बाद शांत होती थी।	4

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
35.	निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :- उत्तर: ऐसी बांणी बोलिए, मन का आपा खोइ ॥ अपना तन सीतल करै, औरन कौ सुख होई ॥	4
VII. 36.	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 4 X 1 = 4 अ) भारतीय संस्कृति में तुलसी का स्थान अद्वितीय क्यों है ? उत्तर: भारतीय संस्कृति में तुलसी का स्थान अद्वितीय है क्योंकि इसे लक्ष्मी का पादपावतार एवं विष्णु प्रिया भी कहा गया है। आ) संत महात्माओं ने तुलसी को पूजन-अर्चन में अनिवार्यता क्यों प्रदान की ? उत्तर: तुलसी की अद्‌भुत रोगहारी शक्ति से प्रभावित होकर संत महात्माओं ने इसे पूजन-अर्चन में अनिवार्यता प्रदान की है। इ) विष्णु को तुलसी क्यों अत्यंत प्रिय है ? उत्तर: तुलसी अपने लोकमंगल स्वभाव के कारण ही भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। ई) तुलसी को किसका वृक्षावतार कहा गया है ? उत्तर: तुलसी को वृन्दा एवं लक्ष्मी का वृक्षावतार कहा गया है।	1 1 1 1

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
VIII. 37.	दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी ऐक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1X4=4 क) पर्यावरण प्रदूषण • प्रस्तावना • प्रदूषण के कारण • परिहारोपाय • उपसंहार ख) गणतंत्र दिवस • प्रस्तावना • गणतंत्र दिवस का महत्व • आचरण • उपसंहार ग) इंटरनेट • प्रस्तावना • लाभ • हानि • उपसंहार उत्तर : * प्रस्तावना 1 * विषय विस्तार 2 * उपसंहार 1	4

प्रश्न संख्या	सही उत्तर	अंक
IX. 38.	निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1X5=5 उचित कारण देते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए अपने प्रधान अध्यापक को ऐक पत्र लिखीए । अथव आपके परीक्षा की तैयारियों के बारे में बताते हुए बड़े भाई को पत्र लिखिए । उत्तर : व्यावहारिक पत्र : * प्रेषक का पता और दिनांक ½ * पत्र पानेवाले का पता ½ * संबोधन ½ * विषय ½ * पत्र का कलेवर / विवरण 2 ½ * समाप्ति ½ अथव पारिवारिक पत्र * प्रेषक का नाम एवं पता ½ * संबोधन एवं अभिवादन 1 * पत्र का कलेवर / विवरण 2 ½ * समाप्ति ½ * पत्र पानेवाले का नाम / पता ½	5